# बिहार विधान-सभा वादवृत्त।

---

सोमवार, तिथि ६ अप्रील १९६४।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा-सदन में सोमवार, तिथि ६ अप्रील, १९६४ को पूर्वाह्न ११ बजे अध्यक्ष डा० लक्ष्मीनारायण सुधांशु के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

## अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर।

## Short notice Questions and Answers.

### महंगाई भत्ते का भुगतान।

१००। श्री एकनारायण चौधरी—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि २७, २८ और २९ नवम्बर को अपर लोक-शिक्षा निदेशक श्री जी० पी० दूबे ने दरभंगा जिले के नरपति नगर हाई-स्कूल के रेकार्डों की जांच की थी और पटना जिले के पावड़ा हाई स्कूल की जांच क्षेत्रीय शिक्षोपनिदेशक तथा श्री जी० पी० दूबे ने की थी;

(२) क्या यह बात सही है कि नरपति नगर उच्चांगल विद्यालय के शिक्षकों को डेढ़ वर्ष से महंगाई भत्ता नहीं मिला है;

(३) क्या यह बात सही है कि दोनों विद्यालयों की जांच रिपोर्ट सचिवालय से गायब है;

(४) क्या यह बात सही है कि श्री दूबे ने नरपति नगर के शिक्षकों को महंगाई भत्ता देने की सिफारिश की है;

(५) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वहां के शिक्षकों को महंगाई भत्ता दिलाने एवं जांच रिपोर्ट की खोज कराने का विचार रखती है ?

श्री गिरीश तिवारी—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) वस्तु स्थिति यह है कि केवल छः माह अर्थात सितम्बर, १९६२ से ५ फरवरी १९६३ तक का महंगाई भत्ता बाकी रह गया है। १९६३-६४ के महंगाई भत्ता का अनुदान भेज दिया गया है। छः महीने के बकाये का भी प्रयास किया जा रहा है।

परिशिष्ट ।

बिहार विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम ९१(४) के अनुसार सभा-मेज पर रखे गए प्रश्नोत्तर ।

APPENDIX.

Questions and Answers laid on the Table under rule 91(4) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Bihar Legislative Assembly.

अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर ।

स्लूइस गेट का निर्माण ।

१०९ । श्री बदरी महरा—क्या मंत्री, कृषि (लघु-सिंचाई) विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि सारन जिलान्तर्गत विजयपुर प्रखंड में ग्राम मिश्र बन्धौरा और चौमुखा के बीच एक बड़ा ताल है जिससे एक नाला पी० डब्लू० डी० रोड को पार कर खनुआ नदी में गिरता है ;

(२) उक्त सड़क पर स्लूइस गेट फाटक के निर्माण के संबंध में विजयपुर प्रखंड में कब-कब प्रस्ताव पास हुए तथा उसकी वांछनीयता पर अभियंता ने कब-कब छानबीन की और उन्होंने क्या रिपोर्ट दी ;

(३) स्लूइस गेट फाटक के निर्माण से कितनी जमीन की फसल पानी से क्षतिग्रस्त होने से बचाय जा सकती है, तथा कब तक निर्माण हो जायगा, तथा उक्त फाटक के निर्माण का क्या प्राक्कलन है ?

श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(२) सड़क से हटकर दक्षिण नाला पर स्लूइस गेट निर्माण हेतु एक योजना की स्वीकृति प्राप्त की गयी है ।

(३) इस योजना के बन जाने से ५६१ एकड़ जमीन लाभान्वित होगी । योजना का काम चालू है और आशा की जाती है कि जून, १९६४ तक समाप्त हो जायगा । इसका प्राक्कलित रकम २१,७१४ रु० है ।

श्री राजेन्द्र प्रसाद मंडल के पत्र पर कारंवाई ।

११२ । श्री राम सेवक सिंह—क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत विहार शरीफ सबडिवीजन के सबडिवीजनल कृषि पदाधिकारी को ११ जनवरी १९६४ को श्री राजेन्द्र प्रसाद मंडल प्रक्षेत्र सहायक ने एक पत्र लिखा था जिसमें उसने विहार-शरीफ प्रक्षेत्र के चार्ज लेते समय १०० मन आलू कम देने का जिक्र किया था ;